INDIAN SCHOOL SOHAR
TERM-II EXAMINATION(2023-24)
SUBJECT: HINDI

NO. OF PAGES:5

CLASS : VI
DATE: 12/03/2024

MAX. MARKS: 80
TIME: 3 HOURS

**सामान्य निर्देश : 1. इस प्रश्न-पत्र में चार खंड हैं - क, ख, ग और घ।**
**2. चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।**
**3. इस प्रश्न-पत्र में कुल 15 प्रश्न हैं।**
**4. प्रश्न का उत्तर लिखने से पहले प्रश्न-संख्या लिखना आवश्यक है।**

---

## खंड-'क' (अपठित गद्यांश)

**प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-**

**आज हम जिस स्वतंत्र भारत में साँस ले रहे हैं, इसके पीछे हज़ारों लोगों का बलिदान और त्याग छिपा है। देश को आज़ाद कराने वाले वीरों में नेता जी सुभाषचन्द्र बोस का नाम विशेष रूप से लिया जाता है। इस महान पुरुष का व्यक्तित्व प्रारंभ से ही वीरता से भरा हुआ रहा है। 'जय हिन्द' का नारा इसी वीर का दिया हुआ है जो हमारा राष्ट्रीय नारा बन गया है। सुभाषचन्द्र बोस का जन्म उड़ीसा के 'कटक' नामक नगर में 23 जनवरी, 1897 को हुआ था। बचपन से ही ये अत्यन्त तेज़ बुद्धि वाले थे। इनके पिता जानकीनाथ बोस कटक के प्रसिद्ध वकील थे। सुभाष देश की सेवा करना चाहते थे। वे ब्रिटिश सरकार की नौकरी करना उन्हें सहयोग देना मानते थे। पिता के कहने पर इन्होंने आई.सी.एस. की परीक्षा उत्तीर्ण तो कर ली, किंतु अपनी आत्मा की आवाज़ को सर्वोपरि मानते हुए आई.सी.एस. से इस्तीफा दे दिया और भारत लौट आए।**

**प्रश्न**

**(क) सुभाषचन्द्र बोस का जन्म कब और कहाँ हुआ था? (2)**
**(ख) देश के स्वतंत्र होने के पीछे क्या छिपा है? (2)**
**(ग) सुभाषचन्द्र बोस के पिता जी का क्या नाम था? वे क्या काम करते थे? (2)**
**(घ) हमारा राष्ट्रीय नारा क्या है? (1)**
**(ङ) पिता जी के कहने पर सुभाषचन्द्र बोस ने कौन-सी परीक्षा उत्तीर्ण की? (1)**
**(च) बचपन से ही सुभाषचन्द्र बोस कैसे थे? (1)**
**(छ) सुभाषचन्द्र बोस क्या करना चाहते थे? (1)**

## खंड-'ख' (व्याकरण)

प्रश्न 2. (i) 'अचल, शैल' किस शब्द के पर्यायवाची शब्द हैं? (1)

(क) धरती (ख) दुनिया

(ग) पेड़ (घ) पर्वत

(ii) 'कमल' शब्द के दो सही पर्यायवाची शब्द वाला विकल्प छाँटकर लिखिए। (1)

(क) जलद, नीरद (ख) पंकज, जलज

(ग) प्रसून, जलधर (घ) सुमन, कुसुम

(iii) 'घर' शब्द के दो सही पर्यायवाची शब्द वाला विकल्प छाँटकर लिखिए। (1)

(क) ग्रह, सदन (ख) विटप, गृह

(ग) गृह, धाम (घ) तरु, निवास

प्रश्न 3. (i) 'अनुकूल' शब्द का विलोम शब्द दिए गए विकल्पों में से छाँटकर लिखिए। (1)

(क) गलत (ख) प्रतिकूल

(ग) अनुचित (घ) सकूल

(ii) '<u>कायर</u> लोग हमेशा ______ लोगों से हारते हैं।' दिए गए खाली स्थान के लिए 'कायर' शब्द का उचित विलोम शब्द होगा- (1)

(क) बहादुर (ख) ताकतवर

(ग) होशियार (घ) वीर

(iii) 'हमें माता-पिता का कृतज्ञ होना चाहिए पर वह ______ निकला।' दिए गए खाली स्थान के लिए 'कृतज्ञ' शब्द का उचित विलोम शब्द होगा- (1)

(क) अवज्ञ (ख) कृतघ्न

(ग) आज्ञाकारी (घ) अकृतज्ञ

प्रश्न 4. (i) 'माता जी बच्चों _____ बाज़ार _____ पुस्तक लाई।' वाक्य में खाली जगहों में उचित कारक के चिह्न होंगे- (1)

(क) का, में (ख) के लिए, में

(ग) के लिए, से (घ) से, पर

(ii)'उसने चाकू से फल काटे।' इस वाक्य में 'चाकू से' किस कारक का उदाहरण है?(1)

(क) करण कारक (ख) अपादान कारक

(ग) सम्प्रदान कारक (घ) कर्ता कारक

(iii) 'माँ ने सोने के कंगन खरीदे।' वाक्य में कारक चिह्न हैं- (1)

(क) माँ, ने (ख) खरीदे, के

(ग) सोने, कंगन (घ) ने, के

प्रश्न 5. (i) 'नेता' शब्द का बहुवचन शब्द वाला विकल्प छाँटकर लिखिए। (1)

(क) नेती (ख) नेतावृन्द

(ग) नेते (घ) नेतागण

(ii) 'हाथी के लिए गन्ना लाओ।' वाक्य में वचन बदलने पर सही वाक्य वाला विकल्प छाँटकर लिखिए। (1)

(क) हाथियों के लिए गन्ना लाए। (ख) हाथियों के लिए गन्ने लाओ।

(ग) हाथी के लिए गन्नों लाओ। (घ) हाथियाँ के लिए गन्ने लाओ।

(iii) निम्नलिखित शब्दों में से सदैव बहुवचन रहने वाला शब्द है- (1)

(क) वर्षा (ख) क्षमा

(ग) हस्ताक्षर (घ) भय

प्रश्न 6. 'बूढ़ा'-शब्द का स्त्रीलिंग दिए गए विकल्पों में से छाँटकर लिखिए। (1)

(क) बूढ़ी (ख) बुडिया

(ग) बुढ़िया (घ) बूढ़िया

प्रश्न 7. (i) निम्नलिखित में से 'भलाई, प्रेम' किस शब्द के अनेकार्थी हैं? (1)

(क) स्नेह (ख) प्यार

(ग) हेत (घ) हित

(ii) 'नित्य' शब्द के दो सही अनेकार्थी शब्द वाला विकल्प छाँटकर लिखिए। (1)

(क) निरंतर, लगातार (ख) हमेशा, सूर्य

(ग) प्रतिदिन, हमेशा (घ) नियम, सामान्य

(ii) 'नभ' शब्द के दो सही अनेकार्थी शब्द वाला विकल्प छाँटकर लिखिए। (1)

(क) आकाश, आसमान (ख) आकाश, ईश्वर

(ग) देवता, नीर (घ) आकाश, शून्य

प्रश्न 8. (i) निम्नलिखित शब्दों का वर्ण विच्छेद कीजिए। (1x2=2)

(क) इंजन (ख) पल्लव

(ii) निम्नलिखित वर्णों को मिलाकर शब्द लिखिए। (1x2=2)

(क) र्+इ+क्+श्+आ (ख) प्+र्+ए+म्+अ

## खंड-‘ग’ (साहित्य)

**प्रश्न 9. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-**

गेहूँ पीसने से पहले उसे बीनकर साफ़ करने पर वह जोर देते थे। कौपीनधारी इस महान व्यक्ति को अनाज बीनते देखकर उनसे मिलने वाले लोग हैरत में पड़ जाते थे। बाहरी लोगों के सामने शारीरिक मेहनत का काम करते गांधी को शर्म नहीं लगती थी। एक बार उनके पास कॉलेज के कोई छात्र मिलने आए। उनको अंग्रेज़ी भाषा के अपने ज्ञान का बड़ा गर्व था। गांधी से बातचीत के अंत में वे बोले, "बापू, यदि मैं आपकी कोई सेवा कर सकूँ तो कृपया मुझे अवश्य बताएँ।" उन्हें आशा थी कि बापू उन्हें कुछ लिखने-पढ़ने का काम देंगे। गांधी ने उनके मन की बात ताड़ ली और बोले, "अगर आपके पास समय हो, तो इस थाली के गेहूँ बीन डालिए।" आगंतुक बड़ी मुश्किल में पड़ गए, लेकिन अब तो कोई चारा नहीं था। एक घंटे तक गेहूँ बीनने के बाद वह थक गए और गांधी से विदा माँग कर चल दिए।

प्रश्न

(क) उपर्युक्त गद्यांश के पाठ और लेखक का नाम लिखिए। (2)

(ख) गांधी जी ने छात्र को क्या काम करने के लिए दिया? (1)

(ग) गांधी जी को क्या करते देख लोग हैरत में पड़ जाते थे? (1)

(घ) छात्र को अपनी किस बात का गर्व था? (1)

(ङ) छात्र को क्या आशा थी? (1)

(च) छात्र ने गेहूँ बीनने में कितना समय लगाया? (1)

(छ) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए- (1)

कथन(A) - छात्र गांधी की सेवा करना चाहता था ।

कारण(R) - उसने आसानी से सारे गेहूँ बीन डाले।

<u>विकल्प</u>

(i) कथन (A) गलत है किन्तु कारण (R) सही है।

(ii) कथन (A) सही है किन्तु कारण (R) गलत है।

(iii) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं।

(iv) कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत हैं।

**प्रश्न10. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए:-** (1x6=6)

(क) कतरा (ख) निपुण (ग) आबाद (घ) घुड़की देना (ङ) कारकुन (च) खयाल

**प्रश्न11. निम्नलिखित शब्दों/मुहावरों का प्रयोग करते हुए अर्थपूर्ण वाक्य बनाइए:-** (1x4=4)

(क) विधि (ख) वजह (ग) मशहूर (घ) चेहरा उत्तर जाना

प्रश्न12. निम्नलिखित प्रश्नों में से <u>किन्हीं 5</u> प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए:- (2x5=10)

(क) राजप्पा ने नागराजन के टिकट अलबम का क्या किया और क्यों?

(ख) नेहरु जी ने पत्रों में छोटी-छोटी कथाएँ लिखने का इरादा क्यों किया?

(ग) गांधी जी ने कौन-सा आश्रम बनवाया? वहाँ का क्या नियम था?

(घ) दुनिया का पुराना हाल किन चीज़ों से जाना जाता हैं? कुछ चीज़ों के नाम लिखिए।

(ङ) 'साथी हाथ बढ़ाना' गीत से क्या सन्देश मिलता है?

(च) लन्दन में भोज पर बुलाए जाने पर गांधी जी ने क्या किया?

(छ) नागराजन को टिकट अलबम किसने और कहाँ से भेजा था?

प्रश्न13. निम्नलिखित प्रश्नों में से <u>किन्हीं 4</u> प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए:- (3x4=12)

(क) 'टिकट अलबम' पाठ से आपको क्या शिक्षा मिलती है? कोई तीन शिक्षाएँ लिखिए।

(ख) 'संसार रूपी पुस्तक ही मनुष्य के विकास की गवाह है।' स्पष्ट कीजिए।

(ग) 'साथी हाथ बढ़ाना' कविता में जीवन में आने वाली मुश्किलों की तुलना किससे की गई है? हमें इनका सामना कैसे करना चाहिए?

(घ) 'नौकर' पाठ के आधार पर बताइए कि गांधी जी को बच्चों से बहुत प्यार था।

(ङ) नागराजन को अपना टिकट अलबम देते समय राजप्पा फूट-फूटकर क्यों रोने लगा?

(च) 'संसार पुस्तक है' पाठ के अनुसार दुनिया की शुरुआत कैसे हुई?

## खंड-'घ'(लेखन)

प्रश्न14. आप छात्रावास में रहते है। आपके विद्यालय से भ्रमण के लिए जा रहे है इसलिए रुपए मँगवाने के लिए पिता जी को पत्र लिखिए। (5)

या

मित्र को अपने भाई की शादी में बुलाने के लिए निमंत्रण पत्र लिखिए।

प्रश्न15. निम्नलिखित में से <u>किसी एक विषय</u> पर 60 से 70 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए:- (5)

(क) संगति (ख) बढ़ता प्रदूषण (ग) हमारा प्यारा ओमान

**********************************************************************